# 11 राजस्थान में कृषि

1. राजस्थान में वालरा क्या है–
(1) तारामीरा की किस्म (2) स्थानान्तिरत कृषि
(3) एक खरपतवार (4) मक्का का रोग (2)

2. राज्य में सर्वाधिक कपास का उत्पादन किस जिले से होता है?
(1) गंगानगर (2) हनुमानगढ़
(3) डीग (4) झालावाड़ (1)

**व्याख्या–** राजस्थान कृषि विभाग जारी आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2022–23 में राजस्थान में कपास उत्पादन में प्रथम स्थान गंगानगर (905435 गांठे) का तथा द्वितीय स्थान गंगानगर (711547 गांठे) का रहा।

3. राज्य में सर्वाधिक मसाले उत्पादित किस जिले से होते है?
(1) बारां (2) जालौर
(3) डीडवाना–कुचामन (4) सलूम्बर (1)

**व्याख्या–** मसालों की दृष्टि से राजस्थान का स्थान द्वितीय है। जबकि प्रथम स्थान मध्यप्रदेश है।

4. क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा कृषि जलवायु खण्ड कौन–सा है ?
(1) आर्द्र दक्षिणी मैदानी खण्ड
(2) अति शुष्क एवं आंशिक सिंचित पश्चिमी मैदानी क्षेत्र
(3) बाढ़ संभाव्य पूर्वी मैदानी खण्ड
(4) सिंचित उत्तर–पश्चिमी मैदानी खण्ड (2)

**व्याख्या–** अति शुष्क पश्चिमी मैदानी क्षेत्र– IC (Hyper Arid Partial Irrigated Western Plains) का कुल क्षेत्रफल 77.0 लाख हैक्टेयर है, यह क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा जलवायु प्रदेश है। इस क्षेत्र का कृषि अनुसंधान केन्द्र बीछवाल (बीकानेर) में है।

5. राजस्थान राज्य भंडारण निगम की स्थापना हुई?
(1) 26 नवम्बर, 1955 (2) 30 दिसम्बर, 1957
(3) 6 जून, 1974 (4) 30 दिसम्बर, 1977 (2)

**व्याख्या–** इस निगम का मुख्य कार्य गोदामों व भण्डार गृहों का निर्माण करना व कृषि उत्पादों का वैज्ञानिक पद्धति से भंडारण करना है। राजस्थान के 42 जिलों में इसके 93 भंडारगृह व गोदाम बने हैं।

6. राष्ट्रीय सरसों अनुसंधान केन्द्र सेवर (भरतपुर) कब स्थापित किया गया?
(1) 1995 (2) 1993
(3) 1999 (4) 1974 (2)

**व्याख्या–** इस अनुसंधान केन्द्र की स्थापना 8वीं पंचवर्षीय योजना में 20 अक्टूबर, 1993 को की गई। यह केन्द्र भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा संचालित है।

7. किस फसल के उत्पादन व क्षेत्रफल की दृष्टि से राज्य का प्रथम स्थान है–
(1) चावल (2) गेहूँ
(3) बाजरा (4) ज्वार (3)

**व्याख्या–** बाजरा उत्पादन में राजस्थान का देश में प्रथम स्थान है। देश के कुल बाजरा उत्पादन का 38.98% राजस्थान में होता है।

8. राजस्थान की निम्न में से कौनसी फसल मावठ से लाभान्वित नहीं होती?
(1) गेहूँ (2) चना
(3) कपास (4) सरसों (3)

9. होहोबा (जोजोबा) क्या है?
(1) तिलहन (2) खाद्यान
(3) दलहन (4) मसाला फसल (1)

**व्याख्या–** होहोबा एक तिलहनी पौधा है। यह मूलतः अमेरिका के मैक्सिको, कैलिफोर्निया व एरीजोना के मरूस्थलीय जंगलों का पौधा है। यह एक उद्यानिकी फसल है, इसका पौधा झाड़ीनुमा होता है, जिस पर 2–3 वर्ष बाद फल लगने लगते हैं।

10. 'बेझड़' से क्या तात्पर्य है?
(1) गेहूँ की फसल के लगने वाला रोग
(2) गेहूँ व जौ के साथ चना का मिश्रण
(3) गेहूँ व चावल के साथ चना का मिश्रण
(4) चावल की एक किस्म (2)

11. भूमि की उर्वरता बढ़ाने के लिए कौनसी फसल उगाई जाती है ?
(1) गेहूँ (2) चावल
(3) उड़द (4) गन्ना (3)

12. राजस्थान को कृषि जलवायु की दृष्टि से कितने प्रखंडों में बाँटा गया है?
(1) सात (2) दस
(3) बारह (4) आठ (2)

13. राजस्थान में 'मानसून का जुआ' किसे कहा जाता है?
(1) उद्योगों को (2) कृषि को
(3) व्यापार को (4) पशुपालन को (2)

14. राज्य की सबसे बड़ी ग्वार मण्डी किस जिले में स्थित है?
(1) जोधपुर (2) कोटा
(3) उदयपुर (4) गंगानगर (1)

15. राज्य में कृषि से संबंधित जानकारी देने वाला पहला कृषि रेडियो स्टेशन किस जिले में स्थापित किया गया?
(1) जोधपुर (2) भीलवाड़ा
(3) टोंक (4) कोटा (2)

16. प्रमुख गन्ना उत्पादक जिला कौनसा है?
(1) डूँगरपुर (2) बाँसवाड़ा
(3) हनुमानगढ (4) गंगानगर (4)

**व्याख्या–** राजस्थान कृषि विभाग द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2022–23 में राजस्थान में गन्ना उत्पादन में प्रथम स्थान गंगानगर (208478 MT) का तथा द्वितीय स्थान चित्तौड़गढ़ (48996 MT) का रहा।

17. सेरी कल्चर का संबंध है?
(1) मधुमक्खी पालन
(2) नई फसलों को तैयार करना
(3) झींगा मछली उत्पादन
(4) रेशम कीट उत्पादन (4)

18. राजस्थान में बायो फ्यूल प्राधिकरण की स्थापना कब की गई है–
(1) 2007 (2) 2003
(3) 2013 (4) 2009 (1)

व्याख्या– इस प्राधिकरण का गठन राज्य में अनुपयोगी भूमि पर विभिन्न योजनाओं द्वारा तेलीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए गठित किया गया है।

19. दुर्गापुरा मधु किस फसल से संबंधित किस्म है–
(1) खरबूजा (2) तरबूज
(3) अमरूद (4) अनार (1)

20. राजस्थान में ड्रेगन फ्रुट उत्कृष्टता केन्द्र कहाँ पर स्थापित किया गया है–
(1) चौमू (जयपुर ग्रामीण) (2) बगरू (जयपुर ग्रामीण)
(3) ढ़िंढोल (जयपुर ग्रामीण) (4) सांगानेर (जयपुर) (3)

21. राज्य में सर्वाधिक 'घोड़ा जीरा' (ईसबगोल) किस जिले में उत्पादित होता है?
(1) बाड़मेर (2) नागौर (3) बारां (4) उदयपुर (2)

व्याख्या– राजस्थान कृषि विभाग जारी आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2022–23 में राजस्थान में ईसबगोल उत्पादन में प्रथम स्थान नागौर (44571 T) का तथा द्वितीय स्थान जैसलमेर (28372 T) का रहा।

22. राजस्थान में काठिया गेहूँ की खेती के लिए सर्वाधिक उपयुक्त संभाग है?
(1) जोधपुर व बांसवाड़ा (2) बीकानेर व पाली
(3) कोटा व उदयपुर (4) जयपुर व भरतपुर (3)

व्याख्या– राजस्थान में गेहूँ कर 2 प्रजातियों ट्रिटिकम एस्टीवम (चपाती गेहूँ) और ट्रिटिकम डुरूम (काठिया गेहूँ) की खेती प्रमुखता से होती है। काठिया गेहूँ को पानी की आवश्यकता कम होती है और इसमें अधिक प्रोटीन एवं कम स्टार्च होने के कारण यह अधिक शक्तिवर्धक होने के साथ-साथ शीघ्र पाचन के लिए उपयुक्त है।

23. केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान बीकानेर द्वारा विकसित 'थार माणक' किसकी किस्म है?
(1) बेर (2) काचरी
(3) मतीरा (4) खेजड़ी (3)

24. कौनसी फसल 'दालों का राजा' कहलाती है –
(1) मोठ (2) चना (3) अरहर (4) मूंग (2)

व्याख्या– चना ऐसी दलहल फसल है जो राजस्थान के सभी जिलों में उत्पादित की जाती है। यह दलहनी फसलों में सर्वाधिक उत्पादन वाली फसल है।

25. खरीफ की फसल कब बोई जाती है?
(1) मार्च–अप्रैल (2) जुलाई–अगस्त
(3) जून–जुलाई (4) सितम्बर–अक्टूबर (3)

26. राजस्थान में सर्वाधिक धनिया उत्पादन वाला जिला है?
(1) उदयपुर (2) सिरोही
(3) कोटा (4) झालावाड़ (4)

27. किस फसल को स्थानीय भाषा में 'सनाय' कहा जाता है?
(1) सोयाबीन (2) रतनजोत
(3) सोनामुखी (4) मेहन्दी (3)

28. राजस्थान में न्यूनतम उर्वरक उपभोग वाला जिला है?
(1) जैसलमेर (2) डूंगरपुर
(3) बीकानेर (4) अजमेर (2)


29. राजस्थान में कृषि जलवायु प्रदेश 'आर्द्र दक्षिणी पूर्वी मैदान' को किस कूट से प्रदर्शित किया जाता है–
(1) IV-B (2) IV-A
(3) V (4) III-B (3)


30. केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान बीकानेर द्वारा विकसित 'थार माणक' किसकी किस्म है?
(1) बेर (2) काचरी
(3) मतीरा (4) खेजड़ी (3)


31. राजस्थान में अजवायन मंडी स्थित है?
(1) निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़) (2) कपासन (चित्तौड़गढ़)
(3) मावली (राजसमंद) (4) देसूरी (पाली) (2)

Dhindhwal Publication

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।